भाई मेरा बनके आ रे सांवरे तु क्यों नहीं आता

भाई मेरा बनके आ,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता,
आ रे प्यारे अब आ जा रे,
अब आ जा रे,
आ रे प्यारे अब आ,
प्यारे अब आ जा रे।bd।

सबकी सुने है तु मैं अपनी सुनाऊं,
फौज में गया है भाई कैसे मैं बुलाऊं,
मुझको ना तु भी तड़पा,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता।bd।

जंग की खबर सुनके रुक नहीं पाया,
सीमा पे है जंग तो वो घर नहीं आया,
तू मुझसे रे प्रीत जता,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता।bd।

राखी का है दिन तो मेरी आंखें भर आई,
किसको मै बांधूं राखी देवे ना दिखाई,
तुझमें ही भाई दिखता,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता।bd।

दर पे ना होती तेरे देर या अंधेर है,
लगे है 'जालान' को यह समय का ही फेर है,
आजा अब तो दर्श दिखा,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता।bd।

भाई मेरा बनके आ,
रे सांवरे तु क्यों नहीं आता,
आ रे प्यारे अब आ जा रे,
अब आ जा रे,
आ रे प्यारे अब आ,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

प्यारे अब आ जा रे।bd।

गायक – प्रवीण कुमार “पिंटू”
लेखक / प्रेषक – पवन जालान जी।
9416059499 भिवानी (हरियाणा)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com